# चरित्र संदेह को लेकर पति ने गर्भवती पत्नी का गला घोंटा

## पति का कुएं में मिला शव

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिले के बरघाट थाना अंतर्गत बम्हनी गांव के एक खेत मे महिला का शव कल मिला था। जानकारी के अनुसार कुछ लोग खेत तरफ गए थे तो उन्हें एक महिला मृत अवस्था मे दिखाई थी, इस बात की जानकारी लोगो ने पुलिस को दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतिका के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच में पता चला कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है। हत्या किसने की व क्या कारण था, इसको लेकर पुलिस जांच कर रही थी। महिला के पति पर पुलिस को संदेह था, चूंकि वह लापता है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश बेस ने बताया कि बम्हनी निवासी सरस्वती जामरे (25) अपने पति नितेंद्र के साथ रहती थी। रात में दोनों खाना खाकर सो गए थे। ग्राम के फागलाल के खेत की मेढ़ में सरस्वती का शव पड़ा था। जांच में पाया कि सरस्वती का गला



घोंटकर हत्या की गई है। आसपास कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। घटना के बाद से पति लापता था। स्वजनों ने आशंका जताई है कि पति नितेंद्र ने ही पत्नी की हत्या की होगी। आज शाम को नितेन्द्र का शव कुएं में मिला है। जिसका पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि महिला का विवाह इसी वर्ष 21 मार्च में हुआ था, वह प्रग्नेंट थी जिसके बाद से उसका पति उस पर चरित्र को लेकर शंका करता था।

परिस्थिति जन्य साक्ष्य और गवाहों के आधार पर यह पाया गया कि महिला की हत्या पति के द्वारा की गई और महिला के मायके के लोगो ने बताया महिला का पति चरित्र को लेकर संदेह करता था। जिसके बाद पति पर मामला पंजीबद्ध किया गया था।

बरघाट एसडीओपी ललित गठरे बे बताया कि बम्हनी ग्राम के समीप खेत के समीप एक महिला का शव मिला था।

प्रथम दृष्ट्या यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था। महिला गर्भवती थी। पति फरार था जिसके बाद,और जांच में पता चला कि वह पत्नी पर चरित्र को लेकर शंका करता था। इस मामले में पति पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी, आज महिला के पति का शव गांव के खेत मे मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र पलारी की घोर लापरवाही से किसान तबाह!

# चेक गुम, खाता खाली, किसान का एक लाख डूबा

**ब्रांच मैनेजर ने मानी चेक गुम होने की बात, कार्रवाई की उठी मांग**

**खैरा पलारी (सिवनी)।** सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरा पलारी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है।

बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित घोर लापरवाही के चलते एक मेहनतकश किसान को सीधा एक लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है।

चेक जमा, लेकिन खाते में नहीं आई रकम

ग्राम नवीन पलारी निवासी किसान मनोज ठाकुर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक प्लॉट का सौदा किया था। सौदे के तहत उन्होंने एक लाख रुपये बयाना देकर प्लॉट बुक किया था, जिसकी अंतिम रजिस्ट्री तिथि 4 दिसंबर 2025 तय थी।

रजिस्ट्री के लिए पैसों की जरूरत पड़ने पर किसान ने अपनी मक्का की फसल कम दाम पर श्रीराम ट्रेडर्स, पलारी को बेच दी। भुगतान के बदले श्रीराम ट्रेडर्स द्वारा 1,50,645 रुपये का चेक दिया गया, जिसे किसान ने बैंक ऑफ



महाराष्ट्र, पलारी स्थित अपने बचत खाते में जमा किया। हैरानी की बात यह है कि चेक देने वाली फर्म का खाता भी उसी बैंक में है, इसके बावजूद कई दिनों तक राशि खाते में स्थानांतरित नहीं की गई। रजिस्ट्री के दिन भी खाते में नहीं आए पैसे

मनोज ठाकुर ने 3 दिसंबर तक खाते में रकम आने का इंतजार किया। 4 दिसंबर को रजिस्ट्री के दिन भी जब पैसे नहीं आए तो उन्होंने प्लॉट विक्रेता से दो दिन का समय मांगा। लेकिन 6 दिसंबर 2025 तक भी बैंक द्वारा राशि ट्रांसफर नहीं की गई।

नतीजा यह हुआ कि प्लॉट की रजिस्ट्री रद्द हो गई और बयाने के रूप में दिए गए एक लाख रुपये पूरी तरह डूब गए।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पलारी ब्रांच मैनेजर वैभव खरात ने कथित तौर पर चेक गुम होने की बात स्वीकार की। इससे बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**पुलिस चौकी और उच्च अधिकारियों से शिकायत**

पीड़ित किसान ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस चौकी पलारी में दर्ज कराई है। साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों को भी लिखित शिकायत भेजकर 1,50,645 रुपये तत्काल खाते में जमा कराने, बयाने के एक लाख रुपये की भरपाई, और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र, खैरा पलारी के अधिकारी-कर्मचारी लापरवाह रवैये और खराब व्यवहार को लेकर पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं। हितग्राहियों द्वारा शिकायतें की जा चुकी हैं और यह मुद्दा प्रिंट मीडिया में भी पूर्व में प्रकाशित हो चुका है। अब देखना यह होगा कि बैंक प्रशासन इस गंभीर मामले में पीड़ित किसान को न्याय दिलाता है या फिर एक बार फिर फाइलों में ही मामला दबा दिया जाएगा।

# क्षेत्रीय दौरों में गाँव-गाँव में भव्य स्वागत-करोड़ों की सौगात

## क्षेत्र के विकास के लिए लड़ते रहूँगा: रजनीश सिंह

सिवनी (स्वतंत्रमत )

केवलारी क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए मैं हमेशा लड़ते रहूंगा और जितना हो सकता है मैं गाँव-गाँव में समस्याओं के निराकरण पर पहल करूंगा। प्रदेश में आज कांग्रेस की सरकार नहीं पर भी मेरे द्वारा क्षेत्र की समस्या, चाहे किसानों के हित की बात हो या बेरोजगारों की बात हो या गाँव में विकास की बात हो। मेरे द्वारा विधानसभा सत्र में हमेशा आवाज उठाते रहा हूँ। मैं आज विधायक हूँ जो विधायक निधि मुझे मिलती है मेरी कोशिष होती है कि प्रत्येक गांव में पहुंचकर निराकरण पर पहल करूं। उक्ताषय के उद्गार क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश/हरवंश सिंह ने अपने 11 और 12 दिसम्बर के कार्यक्रम में भोरगोंदी, सोनखार, सिंदरसी, बावली, झितर्रा, नेवरगाँव, सिंद्रादेही, कंचनवाड़ा, रूमाल,





धुन्धीटोला, घाट खरपड़िया, बिछुआ, टिकरी बम्हनी, सारसडोल, गोरखपुर, खामी, पौंड़ी, मलारी, चिखली, अरंडिया के दौरे में गांव गांव में बाजे-गाजे और फटाकों के साथ स्वागत किया गया। उनके संबोधन में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। उन्होंने कहा कि किसान, बेरोजगार बेहाल हैं।

भाजपा ने जो चुनाव के समय किसानों की उपज खरीदने का जो ऐलान किया था आज उनकी उपज नहीं खरीदी जा रही है। बेरोजगार आज इधर-उधर भटक रहे हैं। बिजली की समस्या बनी हुई है।

आखिर कौन सा विकास भाजपा के 23 साल के कार्यकाल में हुआ वह आपके सामने है। उनके दौरे कार्यक्रम में घाट खरपड़िया में 25 लाख रुपये का सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नलकूप खनन तथा सहजधारा को पर्यटन स्थल में शामिल करने के लिए मैं पूरा प्रयास करूंगा तथा आवश्यकताओं के अनुरूप इन दो दिन के दौरे कार्यक्रम में विभिन्न कार्यों के लिये करोड़ों की घोशणाएं की गई। क्षेत्रीय दौरे कार्यक्रम में साबिर अंसारी, आनंद भगत, बाबूलाल बिसेन, पन्नालाल पटले, रणजीत कुमरे, वीरेन्द्रराज सिंह ठाकुर, गायत्री ठाकुर, उमेद ठाकरे, अशोक षांडिल्य के अलावा जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच के अलावा कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी युवा साथी मौजूद थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा का हुआ आयोजन



सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 शनिवार 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे से 1.30 बजे तक परीक्षा का आयोजन जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। जिसमें परीक्षार्थियों की कुल दर्ज संख्या - 11963, उपस्थित-10889, अनुपस्थित-1074, एवं नकल प्रकरण निरंक है।

उन्होंने बताया कि सहायक संचालक आर.आर. मेहता, ए.पी.सी. एस. के. राय, प्राचार्य अनुराग सक्सेना, एवं परीक्षा प्रभारी रामसिंह तेकाम के द्वारा शास. उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, शास. उ. मा. वि. गंगेरुआ ,शास. उ.मा. वि.अरी, गुरुकुल हायरसेकेण्डरी विद्यालय बरघाट का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई।

# संस्कृत भारती का सरला-सुगमा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सिवनी (स्वतंत्रमत )

संस्कृत भारती के तत्वाधान में सरला/ सुगमा परीक्षा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम स्थानीय एम.एल.बी. विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ, तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एस. डी. एम. श्रीमती पूर्वी तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत प्राचीन और देव भाषा है, जिसका संरक्षण आवश्यक है।

उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे संस्कृत भाषा का अध्ययन बहुत ही गंभीरता से करें, और इसका संरक्षण कर इस भाषा के प्रसार में अपना योगदान दें। उन्होंने संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी बताया। कार्यक्रम को जिलाशिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें संस्कृत भाषा का अध्ययन बहुत ही गंभीरता पूर्वक करना चाहिए, ताकि भविष्य में हम इस भाषा को सीखने में और बोलचाल करने में पारंगत हो सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृत भारती जिला अध्यक्ष डॉक्टर के.के.चतुर्वेदी ने कहा संस्कृत हमारी देव वाणी है, जो व्यक्ति का सामाजिक बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास कर व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संपादन करती है। संस्कृत भाषा आधुनिक तकनीक को जोड़ने वाली वैज्ञानिक भाषा है, जो कंप्यूटर और विज्ञान का महत्वपूर्ण पर्याय बन रोजगार के अवसर दे रही है। सरला परीक्षा में प्रथम स्थान पर नयनेश्वरी डेहरिया, द्वितीय स्थान पर राधिका रजक, सुगमा परीक्षा में प्रथम स्थान पर सनम आहके, द्वितीय स्थान पर वंशिका यादव रहीं। जिन्हें संस्कृत भारती की ओर से प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य श्रीमति आराधना राजपूत ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन संस्कृत भारती विभाग संयोजक अखिलेश श्रीवास्तव ने संस्कृत भाषा में किया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों को संस्कृत भारती के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया गया।

### सीपीआर, प्राथमिक उपचार व रक्तदान को लेकर आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

# स्टेट चेयरमेन डॉ. कुमरे ने मेडिकल कॉलेज में बैठक ले दिए आवश्यक निर्देश

**जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिवनी ने सिवनी मेडिकल कॉलेज में आयोजित बैठक में आगामी सीपीआर, प्राथमिक उपचार और रक्तदान प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की।**



सिवनी (स्वतंत्रमत )

बैठक की अध्यक्षता डॉ. एस.एस. कुमरे, स्टेट चेयरमेन ने की। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. परवेज सिद्धकी, रेडक्रॉस सिवनी के सचिव अरूण राय, सदस्य डॉ. बसंत राय तथा पीजी कॉलेज, जिला चिकित्सालय, जिला शिक्षा अधिकारी और जनजातीय कार्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं और क्लबों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता के विशेष आयोजन किए जाएंगे। इन गतिविधियों को जिला स्तरीय अभियान के रूप में चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों तक जानकारी पहुंच सके। इसके लिए प्रशिक्षण सामग्री एक सप्ताह में तैयार करने के निर्देश दिए गए। डॉ. कुमरे ने यह भी कहा कि जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम और प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, पीजी कॉलेज, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी सीनियर रेडक्रॉस और हाई स्कूल स्तर पर तथा जूनियर रेडक्रॉस का 100 प्रतिशत गठन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस से प्राप्त राशि के अनुसार गतिविधियाँ और कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से किए जाएंगे और जूनियर एवं सीनियर रेडक्रॉस से प्राप्त राशि राज्य इकाई को भेजी जाएगी।

अंत में डॉ. कुमरे ने बताया कि सीपीआर, प्राथमिक उपचार और रक्तदान का जागरूकता प्रशिक्षण महाविद्यालयों और हायर सेकेंडरी स्कूलों के काउंसलर, स्टाफ, बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आषा कार्यकर्ताओं, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं एनएमएम को दिया जाएगा, जिससे जिले के प्रत्येक गांव में लोगों तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुँचे।

# विकासखंड बरघाट के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

सिवनी (स्वतंत्रमत )

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिला सिवनी के विकासखंड बरघाट के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण हेतु फ़डीडीआई छिंदवाड़ा एवं बादल भोई आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा का भ्रमण कराया गया ।

फुटवियर डिज़ाइन और डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, जो कि वाणिय और उद्योग मंत्रालय के अंर्तगत आने वाला देश का जाना माना सरकारी संस्थान है , जिसमें दिनांक 10 दिसंबर को फ़डीडीआई छिंदवाड़ा परिसर में करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे जिला सिवनी के बरघाट ब्लॉक के उचतर माध्यमिक विद्यालय के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने लाभ उठाया । इस कार्यशाला के अन्तर्गत विद्यार्थियों को लेदर उद्योग , टेक्सटाइल उद्योग व रिटेल उद्योग सबंधित शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ संस्थान द्वारा संचालित रोजगार , स्वरोजगार उन्मुखी कार्यक्रमों एवं एफडीडीआई में एडमिशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के उपरांत विद्यार्थियों ने संस्थान के भ्रमण के दौरान आधुनिक मशीनों के माध्यम से लेदर व टेक्सटाइल के उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया से अवगत हुए। इस कार्यशाला को संस्थान के एडमिशन विभाग प्रभारी श्री जागृत सदारंग , एडमिशन काउंसलर श्रीमती पूजा राजपूत , एडमिशन कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार लोखंडे द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके उपरांत समस्त विद्यार्थियों को छिंदवाड़ा स्थित बादल हुई आदिवासी संग्रहालय ले जाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने आदिवासी संस्कृति को जाना एवं आदिवासी विरासत के विभिन्न राजाओं, योद्धाओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास समझा। इस आयोजन में जिला सिवनी के बरघाट विकासखंड के शास उचतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय के ब्लॉक नोडल प्राचार्य वीरेंद्र नाथ बिसेन, एवं अन्य विद्यालयों के मार्गदर्शी शिक्षकगणों द्वारा भ्रमण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।

# अवैध कॉलोनी बसाने वाले 9 कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिले में खेती की जमीन पर अवैध कॉलोनी बसाने का धंधा जोरों से फल-फूल रहा है। कृषि भूमि को अवैध कॉलोनी के रूप में परिवर्तित कर बिना टीएनसी नक्शा पास कराए लोगों को प्लाटिंग कर बेच दी जा रही है।

हालांकि इस मामले में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए जांच के बाद 12 अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसमें से 9 कॉलोनाइजर पर डूंडासिवनी थाना में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी



काफी समय से बिना शासन की अनुमति और टीएनसी नक्शा पास कराए बींझावाड़ा, पलारी, डोरली छतरपुर में अवैध कॉलोनी विकसित कर प्लॉट बेच रहे थे।

आरोपी मुस्तफा खान, सलिमुन्निसा बेगम, इनामउल्ला खान, मुस्तफा खान, आरिफ खान, विनोद खुशानी एवं संजय पुसानी, अशफाक अली, ब्रिजेश चौहान एवं चट्टानसिंह कटरे पर एसडीएम के आदेश पर डूंडासिवनी थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। शेष पर अन्य थाना में जल्द ही एफआईआर दर्ज करने की बात कही गई है।

**बुनियादी सुविधाओं के नियमों का उल्लंघन**

बिना टीएनसी(तकनीकी रूप से अधिसूचित कॉलोनी) के कॉलोनी काटना कानूनी रूप से अपराध है। इसमें जमीन के नियमों पेयजल, सीवेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं के नियमों का उल्लंघन होता है, जिससे खरीदार ठगे जाते हैं।

**जमीन खरीदने से पहले करनी चाहिए जांच**

जिले में कई लोग सस्ते जमीन के लालच में अवैध कॉलोनाइजर के बहकावे में आ जाते हैं। जानकारों का कहना है कि जमीन खरीदने से पहले मालिकाना हक(टाइटल), पिछले 30 साल के रिकॉर्ड, बिक्री विलेख, टाइटल डीड और इनकम्ब्रेंस सर्टिफिकेट(कोई कर्ज या केस नहीं) की जांच करनी चाहिए। इसमें खसरा-खतौनी, भूमि का नक्शा देखें, जमीन का इस्तेमाल और स्थानीय नियमों की पुष्टि करें। इसके अलावा फिजिकल बाउंड्री, रास्ते और आस-पास के इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच करना बेहद जरूरी है ताकि धोखाधड़ी से बच सकें और विवादों से दूर रह सकें। यह भी देखें कि टीएनसी से नक्सा पास कराया गया है कि नहीं।

# बीएड प्राथमिक शिक्षकों के लिए ब्रिजकोर्स अनिवार्य

## रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 तक

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सहयक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार 28 जून 2018 से 11 अगस्त 2023 के बीच बीएड योग्यता के आधार पर नियुक्त सभी प्राथमिक शिक्षकों को एनआईओएस के 6 माह के ब्रिजकोर्स में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। यह रजिस्ट्रेशन 24 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक एनआईओएस पोर्टल tbridgesupport@nios.ac.in पर किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि कोर्स की फीस 25,000 रूपये जो कि नॉन-रिफंडेबल है, जिसमें पहले सत्र की परीक्षा फीस शामिल है। प्रत्येक ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर 70 रूपये शुल्क लगेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए नवीन फोटो, बीएड प्रमाण पत्र, नियुक्ति आदेश और स्वयं का घोषणा पत्र जो स्कूल प्राचार्य द्वारा प्रमाणित हो आवश्यक हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए यूडीआईएसई+ कोड अनिवार्य है। तकनीकी सहायता हेतु bridge-support@nios.ac.in पर ईमेल किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक रजिस्ट्रेशन और फीस जमा करना सभी बीएड प्राथमिक शिक्षकों के लिए आवश्यक है। यदि कोई शिक्षक ब्रिजकोर्स से वंचित रह गया तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान द्वितीय चरण 17 से प्रारंभ होगा

सिवनी / उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में दुग्ध उत्पादन देश का लगभग 9 प्रतिशत है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी उद्देश्य से राज्य में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर 2025 से सभी जिलों में प्रारंभ किया जा रहा है।